# स्थाई करने की मांग, आशा सहयोगिनियों ने नारेबाजी की

**पाली ।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत आशा सहयोगिनियां शनिवार को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची। उन्होंने यहां जमकर नारेबाजी की और स्थाई करने की मांग की। इससे पहले वे विधायक ज्ञानचंद पारख के घर गई और उन्हें भी अपनी मांगों से अवगत करवाया।

- **धरना प्रदर्शन से पहले आशा सहयोगिनी विधाय ज्ञानचंद पारख के घर जाकर उन्हे पांच सूत्री मांगों से अवगत करा पूरा कराने की मांग की**



आशा सहयोगिनियां शनिवार को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

पाली कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंची आशा सहयोगिनी। उन्होंने कहा कि आशा सहयोगिनियों का मानदेय महज 3 हजार 564 रुपए प्रतिमाह है। राजस्थान सरकार द्वारा 10 फरवरी को सत्र 2023-24 के आम बजट में 15 प्रतिशत की मासिक मानदेय में वृद्धि की गई जो इस बढ़ती महंगाई को देखते हुए काफी कम है। उन्होंने कहा, इस पद पर कार्यरत अधिकांश आशा सहयोगिनियां विधवा, परित्यागता, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग और बीपीएल श्रेणी की है।

इसलिए उन्हें नियमित किया जाए और मानदेय 23 हजार 700 रुपए किया जाए। इस दौरान क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो प्रदेश अध्यक्ष मनीषा राखेचा, आशा सहयोगिनी रेणुका, स्वीटी, कुलकीदेवी, पिंकी, अनिता, ललिता, पुष्पा, डिम्पल, भाग्यवती, संतोष, सुशिला, संतोष बंजारा, भाग्यवती, लाजवंती, अनू चौहान, रूकमणी, अनुराधा, मीना कुमारी, सुनीता सांई, बीना कुमारी, अनिसा बानो सहित कई जने मौजूद रही।

## पत्नी पीहर में, पति ने खुद को आग लगाई

**पाली ।** पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में युवक का उपचार करते नर्सिंगकर्मी। पत्नी के पीहर जाने से परेशान पति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। आग लगने के बाद बचाओ-बचाओ चिल्लाता हुआ गली के बीच में आ गया। पड़ौसी युवक को हॉस्पिटल लेकर गए। बताया जा रहा है कि युवक करीब 70 प्रतिशत तक झुलस गया है। हादसा पाली के राजेन्द्र नगर का है।

औद्योगिक थाने के हिंगलाजदान ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम की है। झांझनवास (जैतारण) का रहने वाला 35 साल का रमेश कुमावत पुत्र पेमाराम कुमावत राजेन्द्र नगर में गोविंद सैन के मकान में किराए पर रहता है। युवक ने अपनी बाइक से पेट्रोल निकाल घर के बाहर ही खुद को आग लगा दी। आग लगते ही वह बचाओ-बचाओ चिल्लाते हुए गली में दौड़ा। पड़ोसियों ने आग बुझाकर उसे बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया। जांच में सामने आया है कि युवक की अपनी पत्नी से अनबन चल रही थी। पिछले कुछ दिनों से वह अपने पीहर चली गई थी। इसके चलते युवक डिप्रेशन में था।

## कांग्रेस कार्यकारिणी में रुपाराम खेमे को मिली प्राथमिकता

**जैसलमेर ।** सत्ताधारी कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित जिला कांग्रेस कमेटी की घोषणा हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा द्वारा अनुमोदन किए जाने के बाद कमेटी कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। कार्यकारिणी में कुल मिलाकर 70 से अधिक पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। कांठोस कमेटी में शामिल पदाधिकारियों के नामों पर दृष्टिपात किए जाने पर साफ परिलक्षित हो रहा है कि इसमें प्रमुख रूप से जैसलमेर विधायक रूपाराम धणदे की पसंद को तवज्जो दी गई है।

जिलाध्यक्ष के बाद दूसरा सबसे अहम संगठन महामंत्री का पद विधायक गुट के कमलेश छंगाणी को दिया गया है। ऐसे ही कोषाध यक्ष पद पर पुराने कांठोसी ओमप्रकाश मोहता को मनोनीत किया गया है। जिलाध यक्ष उम्मेदसिंह तंवर की पुरानी टीम के कई कार्यकर्ताओं को जिला कांठोस कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। दूसरी तरफ जैसलमेर कांठोस की धुरी कहे जाने वाले फकीर परिवार का कोई सदस्य या उनका विश्वासपात्र व्यक्ति चाहे वह जैसलमेर का हो या पोकरण का, कार्यकारिणी में शामिल नहीं है। गौरतलब है कि जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर विगत लम्बे समय से कांठोस की जिला कार्यकारिणी को प्रदेश नेतृत्व से अनुमोदित करवाने के लिए प्रयासरत थे । बताया जाता है कि उन्हें बार-बार कार्यकारिणी को छोटा कर बना कर देने के लिए कहा गया। अब कहीं जाकर कार्यकारिणी बनी है। जिसमें सभी महत्वपूर्ण उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव पदों पर बड़ी संख्या में नेताओं व कार्यकर्ताओं को खपाया गया है । कार्यकारिणी में तनसिंह बडोडा रतनाराम भील थईयात, मेघराज सोलंकी नोख, देवकाराम माली अमरसागर, इस्माईल खां मेहर गोमट, सत्यनारायण चांडक नाचना, देरावरसिंह अर्जुना, तगाराम मेघवाल बांधा, उम्मेद आचार्य जैसलमेर, अमृतलाल गोलिया, सुमार खां जैसलमेर, मूलाराम चौधरी मोहनगढ़, जेठाराम सोनी पोकरण, खेताराम प्रजापत खींया व चन्दणाराम सैन नेहडाई को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है । महासचिव पद पर रूपचंद सोनी मोहनगढ़, खेरदीन बल्लीदाद कीबस्ती, शंकर सिंह पंवार करडा, खेत सिंह भाटी बईया, सुखराम विश्नोई मदासर, लालदीन मेहर चांधन, गिरधारीलाल सुथार जैसलमेर, रेवताराम बारूपाल पोकरण, रणवीर गोदारा भणियाना, रघुनाथ चौहान पोकरण, राधेश्याम कल्ला जैसलमेर, कादर खान स्वामी जी की ढाणी, गुलशेर खा पीथाणी बंधा, दुर्गा पंवार खींया, गीता बोरावट जैसलमेर, जगदीश सिंह राजपुरोहित जाकिर हुसेन चडवा जैसलमेर, पूनाराम भील रूपसर, रमेश खत्री जैसलमेर मनोनीत हुए हैं।

## हादसे में युवक की जान गई

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के डालीबाई चौराहा- पाल डीपीएस सर्किल के बीच में एक डंपर चालक की लापरवाही ने युवक की जान ले ली। धीमे हुए डंपर से आगे निकलने के प्रयास में डंपर चालक ने अचानक से कट मारा और निकल गया। तब बाइक सवार दो युवक उसकी चपेट में आ गए। एक युवक टायर के नीचे आ गया। उसको मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया। मगर उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द किया है।चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में मूलत: उत्तरप्रदेश के आगरा हाल घांची कॉलोनी में किराए पर रहने वाले जर्नादन प्रसाद पुत्र गोरख प्रसाद की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वह अपने मालिक 40 साल के अमित पुत्र महेश साहनी के साथ बाइक पर डालीबाई चौराहा-डीपीएस सर्किल से होते हुए बाइक पर निकल रहे थे। बाइक अमित चला रहा था। यहां चौराहों के बीच में एक डंपर उनके आगे चल रहा था। डंपर चालक ने पहले गाड़ी को धीमा किया। इस पर उससे आगे निकलने की कोशिश किए जाने पर चालक ने कट मार दिया। जिससे वह दोनों नीचे गिर गए। डंपर का टायर अमित से निकल गया। इस पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल एमडीएम अस्पताल लाया गया। मगर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। डंपर का चालक मौके से फरार हो गया।

## नवचयनित नर्सिंग ऑफिसर रवि परिहार का किया स्वागत



नर्सिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा में चयन होने पर रवि परिहार ( बीच में ) का स्वागत किया।

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर उपखंड, धवली- मेघवाल समाज के लिए शिक्षा क्षेत्र में उत्साहजनक कार्य कर रही संस्था परिवर्तन युवा समिति द्वारा हाल ही में भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित नर्सिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा में चयन होने के बाद एम्स अस्पताल राजकोट में पदस्थापित होने पर धवली निवासी रवि परिहार पुत्र स्व. मगनजी परिहार का इनके निवास स्थान पहुंचकर समिति सदस्यों ने समाज की।इस होनहार प्रतिभा का साफा और माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने रवि परिहार और इनकी माताजी सोनीदेवी को इस सफलता और समाज का नाम रौशन करने के लिए शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन समिति सचिव रेवाराम परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रवि परिहार द्वारा बताया गया कि जीवन की किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए समर्पित परिश्रम जरूरी हैं और बिना परिश्रम सफलता संभव नही हैं।

कार्यक्रम में परिवर्तन युवा समिति कोषाध्यक्ष चेतनप्रकाश, सदस्य खंगारराम मकावल पूर्व सरपंच, रतन चौहान जीरावल, शांतिलाल धर्माणी रेवदर, माधाराम करेली, महेंद्रकुमार जीरावल, कैलाश कुमार दत्तानी, पोपटलाल धवली, अशोक परिहार धवली, धनाराम धवली, अशोक मेघवाल लुनोल, गणेश परमार धवली ने भी नवचयनित प्रतिभा का तथा परिजनों का मुंह मीठा करवाकर बधाई प्रेषित की तथा इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस खुशी के मौके पर देवाराम, केसाजी, बाबूलाल, मीठालाल, धनाराम ने समिति सदस्यों का आभार प्रकट किया।

## लोन दिलाने के नाम पर फौजी से धोखाधड़ी

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय सेना के एक जवान के साथ बैंक के एजेंट ने लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

शातिर ने फौजी से तीन चेक लिए थे। बैंक से लोन पास करवा दिया। मगर शातिर ने चाल चलते हुए चेक का दुरूपयोग करते हुए तीन लाख रुपये उठा लिए। सेना के जवान को पता लगा तो अब नामजद के खिलाफ धोखाधड़ी में केस दर्ज करवाया गया है। जवान के 3 लाख का लोन पास हुआ था। एयरपोर्ट थाना पुलिस अब इसकी जांच कर रही है।

- **जवान को पता चलने पर नामदज के खिलाफ मामला दर्ज कराया**

थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि मूलत: गोसला आगरा उत्तरप्रदेश के सेना के जवान नमन कुमार पुत्र विजय सिंह की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वह जोधपुर में भारतीय सेना में 13 मेकनाइड 3 इंफैंट्री में शिकारगढ़ कैंट में लगा हुआ है। जनवरी माह में उसे लोन की जरूरत थी। तब वह अपने एक बैंक गया था। जहां पर कोई अशोक कुमार नाम का शख्स बतौर एजेंट मिला था। तब उसने लोन पास करवाने के नाम पर चेक मांगे थे। तीन लाख के लोन के उससे 3 चेक लिए गए थे। बाद में बैंक से लोन भी पास हो गया था। मगर शातिर अशोक ने चेक का दुरूपयोग करते हुए तीन लाख अन्य उठा लिए और अपने खाते में ट्रांसफर कर दिए। रूपए बीकानेर की एक एसबीआई शाखा में जाना बताया जाता है। जवान को एचडीएफसी बैंक से लोन दिलाया गया था। मगर शातिर अशोक ने चेक को अन्य बैंक में लगाकर लोन उठा लिया। बैंक संबंधी सूचना सेना के जवान को मिली तो उसे धोखाधड़ी का पता लगा। थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि प्रकरण दर्ज किया गया है। अठिाम जांच की जा रही है।

## पाली को संभाग बनाने पर खुशी

**पाली ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पाली जिले को संभाग बनाकर बहुत बड़ी सौगात दी है । इस सप्ताह में पाली को दोहरी खुशी मिली है पहले तो केंद्र सरकार रेल मंत्री द्वारा पाली के रेलवे स्टेशन को 300 करोड़ लगाकर एयरपोर्ट की तरह बनाने की स्वीकृति मिली आज संभाग बनने पर कांठोस जनों ने सूरजपोल चौराहे पर जमकर आतिशबाजी की और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जय कारे लगाए इस अवसर पर कांठोस नेता और राजस्थान के स्वायत्त शासन विभाग के अध्यक केवल चंद्र गुलेचा, महावीर सिंह, वरिष्ठ पार्षद मोटू भाई, नीलम बिरला ,जोगाराम सोलंकी असगर कुरेशी कमरुद्दीन पठान ,गोविंद बंजारा , ताराचंद टाक, सहित दर्जनों कांठोसी मौजूद थे।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बैठक आज

**पोकरण, (निसं)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन दिवस रामनवमी के अवसर पर पोकरण नगर में शोभायात्रा निकालने को लेकर सर्व समाज,विभिन्न संगठनों एवं नगर की स्कूलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन सीमाजन भवन पोकरण में रविवार को सायं 8 बजे किया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष जेठू सिंह सोढा ने बताया कि इस बैठक में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा के लिए विभिन्न समाजों की झांकियां, विभिन्न स्कूलों की झांकियां,वाहन रैली, कलश यात्रा के कार्यकर्ताओं को दायित्व प्रदान किए जाएंगे। जिला धर्माचार्य प्रमुख शिवा गहलोत ने पोकरण नगर में संपर्क के लिए वीरम सिंह सनावडा, जालमसिंह कैलाश भारती,पप्पूराम भील को रामदेवरा लावा, लाठी और साकडा प्रवास के दायित्व दिए। शहर में संपर्क के लिए संजय गांधी धनराज गहलोत नवल छंगानी और अचलाराम कुमावत को दायित्व सौंपे। दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की बहनें भी रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी के लिए संपर्क कर रही है। प्रखंड मंत्री तनेराव सिंह राजगढ ने बताया कि इसी बैठक में महंत प्रताप पुरी का सानिध्य प्राप्त होगा। इसी बैठक में रामनवमी शोभायात्रा महोत्सव समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष सहित 51 सदस्य होंगे। विश्व हिन्दू परिषद की ओर आव्हान किया की बैठक में पोकरण नगर सहित आस पास के गांवों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

**सायला, (निसं)।** सायला कस्बे के रामदेव शिक्षण संस्थान उ.प्रा. विद्यालय में आशीर्वाद समारोह का मुख्य अतिथि शंकरलाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार महेश दवे की उपस्थिति में आयोजन हुआ।

इस मौके मुख्य अतिथि शंकरलाल चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार माली पौधों को पानी देकर सींचता हैं उसी तरह शिक्षक भी विद्यार्थियों को मेहनत के बल पर लक्ष्य तक पहुंचाता है।

नायब तहसीलदार दवे ने कहा कि शिक्षक वर्षभर विद्यार्थियों को मेहनत करवाता है इसलिए विद्यार्थियों का भी दायित्व है कि वे अपने गुरूजनों का नाम रोशन करें। संचालक जयन्तिलाल जीनगर ने परीक्षा तैयारी से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ सहशैक्षिक गतिविधियों में भी भाग लेने की बात कही।

समारोह में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर एवं श्रीफल भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**आहोर, (कासं)।** अखिल भारतीय काग्रेस पार्टी के निर्देश व प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आहोर ने शनिवार को थांवला के आम चौहटे व छिपरवाडा के माताजी मंदिर के प्रांगण में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लांक अध्यक्ष वीरेंद्र जोशी ने कहा कि आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकडे कर विश्व का इतिहास बदला था।आज राजस्थान के गांधी अशोक गहलोत ने प्रदेश में एक साथ तीन सम्भाग व 19जिले बनाकर प्रदेश का भुगोल बदल दिया। उसके लिए बैठक में आज सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर गहलोत का आभार प्रकट किया। इसी क्रम में मिश्रीमल चौधरी ने कहा कि इस बार आहोर में कांग्रेस पार्टी का विधायक नहीं होने के बावजूद भी आहोर वासियों को गहलोत ने कई महत्वपूर्ण सौगाते दी है। इसी क्रम में किसान नेता कर्णसिंह थांवला ने कहा कि हमें सरकार से आशा है कि इसी कार्यकाल में जवाई बांध से हमारे जिले के हक का पानी हमें गहलोत अवश्य तय करेंगे। इसी क्रम में छिपरवाडा में गजेन्द्रसिंह छिपरवाड़ा ने कहा कि पार्टी में संगठन ही सर्वोपरि है हमें इसे मजबूत करने के लिए बुथ व ग्राम स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाना होंगा।




आहोर में हाथ से हाथ जोड़े कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित हुई।

इस कार्यक्रम में सुरेश चौधरी, विक्रमसिंह पचानवा, गजेन्द्रसिंह छिपरवाडा, छगनदास वैष्णव,बदाराम प्रजापत, समरथसिह भोमाराम चौधरी,अशोक नामदेव,हनुमानाराम, नारायण लाल, मांगीलाल, पुखराज मीणा, रमेश राणा,चम्पालाल,नवाराम, छतराराम, भरतसिंह,मंगलाराम, मोवनलाल, उकाराम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय की परीक्षा आज

**जालोर, (कासं)।** जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों पर साक्षरता एवं सतत शिक्षा विभाग राजस्थान की ओर से साक्षरता बुनियादी एवम् संख्यात्मक आंकलन टेस्ट का आयोजन रविवार को होगा।

जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी श्रीराम गोदारा ने सभी केंद्रों को प्रात: 10 बजे से 5 बजे तक खुला रखने के निर्देश प्रदान किए हैं। इस समयावधि में सभी केंद्रों पर निर्धारित 2 घंटे का प्रश्नपत्र नामांकित लर्नर को दिया जाएगा।

जिले को दिए गए लक्ष्य की अनुपालन में सभी ब्लॉक पर प्रश्न पत्रों का वितरण कर दिया गया है। तथा परीक्षा के बाद नोडल स्तर पर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करवाई जाएगी।

जांच के बाद समेकित सूची मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के मार्फत जिला साक्षरता अधिकारी को दी जाएगी। साक्षरता समन्वयक गणपतसिंह मंडलावत ने बताया कि प्राप्त निर्देशानुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को बैठक व्यवस्था सहित तैयारियां पूर्ण कर दी गई है। नवभारत साक्षरता बुनियादी परीक्षा में अब तक आवेदन कर चुके।

## सार-समाचार

### ज्ञापन पर किया पत्र जारी

**सिवाना, (निसं)।** राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उदय सिंह डिगार की ओर से सौंपे गए ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री के संयुक्त शासन सचिव ने अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव वित्त विभाग को उचित कार्रवाई के लिए पत्र जारी किया है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर उदयसिंह डिगार ने बताया की मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी पत्र में छठे वेतनमान की फिक्सेशन त्रुटि 11170 बनाम 12900०को दूर कर शिक्षकों एवं प्रबोधकों को राहत देने संबंधी प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है की इस संबंध में राजस्थान समग्र शिक्षक संघ द्वारा समय-समय पर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, खेमराज कमेटी समेत उच्चाधिकारियों के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत कर छठे वेतनमान अंतर्गत अध्यापकों एवं प्रबोधको के प्रारंभिक मूल वेतन की गणना 11170 के स्थान पर 12900 से कराने के लिए दरख्वास्त लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि छठे वेतनमान में फिक्सेशन के समय लेखाधिकारियों की द्वारा यह गणना 12900 के स्थान पर 11170 से करने के कारण उस समय प्रभावित अध्यापक एवं प्रबोधकों के प्रारंभिक वेतन गणना में 1730 का अंतर होने से उन्हें मूल वेतन में आर्थिक नुकसान हुआ था, जिसका खामियाजा वे आज दिनांक तक भुगत रहे हैं। इस संबंध में संघ के बाड़मेर जिला मंत्री एन.पी.सिंह सरवडी ने यह भी अवगत करवाया की उस समय 1730 रुपए की राशि का नुकसान वर्तमान में पांच हजार से भी अधिक मासिक नुकसान होना प्रतीत होता है। उन्होंने इस संबंध में प्रभावित शिक्षकों व प्रबोधको के आर्थिक नुकसान की भरपाई कर पूर्व में की गई गणना 11170 के स्थान पर 12900 के अनुसार करवा कर तदनुसार पुन- फिक्सेशन करवाने की मांग की है। उन्होंने यह भी अवगत कराया की उक्त लाभ के लिए राजस्थान समग्र शिक्षक संघ पुरजोर प्रयासरत रहेगा।

### 301 बच्चों को चश्मे बांटे

**पाली, ।** जिला कलेक्टर नमित मेहता के नवाचार स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ विद्यालय अभियान का नेत्रज्योति प्रकल्प दृष्टिदोष से ग्रसित विद्यार्थियों के जीवन मे एक बार शिक्षा की ज्योति जगा रहा है। नेत्रज्योति प्रकल्प के तहत जिले के विभिन्न ब्लॉक में चिंहित बच्चों को चश्मा वितरण कार्यक्रमो की शृंखला में शनिवार को सुमेरपुर ब्लॉक के तखतगढ़ नगर में नि:शुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम जिला कलेक्टर नमित मेहता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमेरपुर उपखण्ड अधिकारी श्री हरिसिंह देवल ने की। विशिष्ट अतिथि तखतगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष श्री ललित रांकावत, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी श्री टीमाराम मीणा एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री मनोज नामा रहे। कार्यक्रम में सुमेरपुर ब्लॉक के 301 बच्चों को चश्मे वितरित किये गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर मेहता ने राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही मुख्यमंत्री नि:शुल्क गणवेश वितरण योजना, बाल गोपाल योजना और अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के बारे में जानकारी दी। स्वच्छ-विद्यालय स्वस्थ विद्यालय अभियान विशेष कर नेत्रज्योति प्रकल्प के बारे में बताते हुए उन्होने कहा कि दृष्टिदोष के कारण बच्चे पढ़ाई से जी चुराने लगते हैं तथा उनका आत्मविश्वास भी कमजोर होता है। इसी समस्या से निजात के लिए यह प्रकल्प चलाया। भामाशाहों और अभिभावकों का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि पाली तो भामाशाह का जिला है, यहां कोई भी अच्छा काम करने के लिए सिर्फ कहने भर की देर होती है। कई भामाशाह सहयोग के लिए आगे आ जाते हैं। जिला कलेक्टर श्री मेहता ने स्मार्ट क्लासेज प्रोजेक्ट के तहत 500 विद्यालयों में स्मार्ट टीवी विथ स्टडीज मटेरियल उपलब्ध कराए जाने की भी जानकारी दी कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी देवल, नगरपालिका अध्यक्ष श्री रांकावत आदि ने भी विचार व्यक्त किये। बच्चों के लिए चश्मे उपलब्ध कराने वाले भामाशाह सेवानिवृत्त अध्यापक श्री जेठाराम कुमावत का जिला कलेक्टर ने अभिनदंन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री गजेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान सहायक निदेशक समठा शिक्षा श्री सोहन भाटी, सीबीईओ श्री धनाराम, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी श्री मदनलाल तेजी, तहसीलदार सहित अधिकारीगण, पीईईओ तथा ब्लॉक क्षेत्र के विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### होटल में घुसकर मारपीट

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में बदमाश बेखौफ होते जा रहे है। पुलिस द्वारा बारबार कार्रवाई और धरपकड के बावजूद बदमाश अपनी प्रवृति से बाज नहीं आ रहे है। रात को पाली रोड पर आई एक होटल में तोडफ़ोड करने के साथ मारपीट की गई। होटल संचालिका से बदसलूकी किए जाने के साथ गल्ले से छह हजार रूपए भी लूट लिए गए। पीडि़त होटल संचालिका की तरफ से इस बारे में विवेक विहार थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी दिलीप खदाव ने बताया कि घटना में राइकाबाग बैंक कॉलोनी में रहने वाली अंजू त्रिवेदी पत्नी अजय त्रिवेदी की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि पाली रोड पर वह अपनी एक होटल खम्मा घणी का संचालन कर रही है। रात को तीन चार युवक युवतियां आए और मारपीट करने लगे। तोडफ़ोड किए जाने के साथ गल्ले से छह हजार रूपए लूट कर ले गए। हालांकि पुलिस ने एक शख्स को तत्काल बाद में हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ चल रही है। थानाधिकारी खदाव ने बताया कि घटना में जांच की जा रही है। मारपीट और झगड़े का कारण पता लगाया जा रहा है। बता दें कि पुलिस की तरफ से बदमाशों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है, मगर रात को होटलों पर आकर बदमाश खुलेआम उत्पात मचा रहे है।

### नववर्ष महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

**जोधपुर, (कासं)।** जय श्रीराम नवयुवक सेवा समिति,जोधपुर द्वारा (युगाब्द 5120विक्रमी सवंत 2080) 22 मार्च को हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाया जायेगा। आज समिति के माधोबाग स्थित कार्यालय में हिन्दू नववर्ष के पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति के अध्यक्ष इंजि.लक्ष्मीचन्द धारीवाल ने बताया कि महोत्सव के तहत 22 मार्च को जानिए अपने हिन्दू नववर्ष को नामक पेम्पलेट आमजन में वितरित किये जायेगे। जिसमें नववर्ष के संबधित जानकारियां उपलब्ध करवाई जायेगी। नववर्ष के सुबह शनिश्चरजी का थान पर समिति सदस्यों द्वारा जोधपुवासियों का कुंकुं तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी जायेगी।इसके पश्चात विभिन्न सेवाबस्तियों में जाकर सभी को नववर्ष की शुभकामनाए दी जायेगी। नववर्ष की पूर्व संध्या पर कबीर आश्रम परिसर में आतिशबाजी की जायेगी।

### करंट की चपेट में आया किसान,मौत

**बाप, (निसं)।** टेपू पंचायत में कानासी मोटी गांव में एक किसान की करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किसान अपने ही नलकुप पर कृषि कार्य कर रहा था। एएसआई नासीर खां के अनुसार कानासी मोटी निवासी नखतसिंह पुत्र मगसिंह राजपूत ने दर्ज करवाई रिपोर्ट उसका भाई प्रतापसिंह सुबह नलकुप पर कृषि कार्य कर रहा था। शु वार को हल्की बरसात हुई थी, जिससे जमीन गीली थी। डिप्पी के पोल के बंधी ताण के पास से वह निकल रहा था तभी कंरट की चपेट में आ गया। जमीन गीली होने के कारण पोल से बंधी ताण में करंट आने लगा था। हादसे के बाद परिजन उसे बाप स्थित सरकारी अस्पताल ले आए। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई नासीर खां मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### पुष्करणा महाकुंभ मेले का होगा आयोजन

**बाप, (निसं)।** बीकानेर में 9 अप्रैल को पुष्करणा महाकुंभ मेले का आयोजन होगा। बाप में शनिवार को बाप पुष्करणा अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित के निवास पर महाकुंभ मेले के संदर्भ में बाप पुष्करणा समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ही पोस्टर का विमोचन किया गया। बैठक में उक्त महाकुंभ में अधिक से अधिक लोगों को बीकानेर पहुंचने का आ ान किया गया। इस मौके पर बीकानेर से पधारे पूर्व सचिवालय कर्मचारी महेश व्यास, नवरत्न व्यास, बद्री, ओझा, मनोज व्यास, नवीन पुरोहित, मेघराज कल्ला लोर्डिया, समाज संरक्षक श्रीवल्लभ व्यास, ललित व्यास, चैनसुख व्यास, रामनारायण गोपा मनोज पुरोहित, मांगीलाल व्यास, बबलू जोशी, लीलाधर थानवी, भोमराज थानवी, जगदीश व्यास, भोमराज थानवी, पूनमचंद पुरोहित, कपिल व्यास, कालू व्यास, नरेश व्यास आदि उपस्थित थे।

### रामनवमी शोभायात्रा पोस्टर का विमोचन

**बाप, (निसं)।** बाप कस्बे में राम जन्मोत्सव रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा व महाआरती के पोस्टर का पुष्करणा समाज द्वारा किया गया। इस दौरान पुष्करणा समाज बाप अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, श्रीबल्लभ व्यास, मनीष बिस्सा, बद्रीनारायण ओझा, मनोज व्यास, मनोज पुरोहित, अमरचंद गुचिया, नवरत्न व्यास, नवीन पुरोहित, रामनारायण गोपा, लीलाधर थानवी, भोमराज थानवी, बबलू जोशी, भरत, अभय पुरोहित आदि मौजूद रहे।